वी.यू. कुलपति डॉ. जुयाल नेशनल साइबर सेफ्टी सेक्यूरिटी काउंसिल में शिक्षा सलाहकार मनोनीत

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति का मनोनयन नेशनल साइबर सेफ्टी सेक्यूरिटी स्टेन्डर्ड काउंसिल में शिक्षा सलाहकार के रूप में हुआ है। इस कार्यक्रम में अनेक विधाओं के विशेषज्ञ का मनोनयन हुआ।

इस माननीय उच्च स्तरीय समिति के चेयरमैन श्री एस. मोहन भूतपूर्व माननीय न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया है।

इस संस्था का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक दुनिया में हो रहे सायबर अपराधों को रोकने हेतु सुरक्षा मानकों का कारगर बनाना है। आधुनिक समय में विश्वविद्यालय सेना तथा पुलिस विभाग सहित समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाएं अपनी सूचनाएं कम्प्यूटर पर संकलित कर रहे है। ऐसी अवस्था में यदि कोई सायबर अपराधी इस जानकारी को हासिल करके दूसरों को पहुँचा देगा तब राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान मे रखते हुये इस संस्था का गठन हुआ है।

डॉ. जुयाल की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के पाध्यापकों एवं छात्रों ने बधाई दी है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.प्र जबलपुर